मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-379
25/10/2019

मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व के पूर्व गंगा घाटों का निरीक्षण किया

पटना, 25 अक्टूबर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर से दानापुर के नासरीगंज से पटना सिटी के कंगन घाट तक गंगा घाटों का निरीक्षण किया और घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने स्टीमर पर पहुँचते ही गंगा घाटों के नजरी मानचित्र का अवलोकन किया। लगभग दो घंटे तक नासरीगंज से कंगन घाट के बीच अवस्थित सभी छठ घाटों का मुख्यमंत्री ने सूक्ष्म रूप से अवलोकन किया और अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिया कि किसी भी हाल में छठव्रतियों को कठिनाई न हो।

गंगा घाटों का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग जिला प्रशासन, नगर विकास विभाग, नगर निगम के अधिकारी पूरे प्रशासनिक तौर पर सारा इंतजाम देख रहे हैं। आप तो जानते हैं कि हर वर्ष छठ के पहले भी आकर हम घाटों के निर्माण की तैयारी को देखते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हमलोगों ने विशेष तौर पर ध्यान दिया है, चूँकि गंगा नदी का जलस्तर इस बार ऊँचा है, जिसको देखते हुए हर प्रकार के घाट पर इस बार बैरिकेडिंग जरूरी होगी ताकि एक दूरी के आगे लोग नहीं जा सकें। उन्होंने कहा कि इस मौके पर जो घाट बनाये जाते हैं, उसके लिये सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिये। सभी संबंधित अधिकारी काम को तेजी से कर रहे हैं और मुझे पूरा भरोसा है कि समय पर यह काम पूरा कर लिया जायेगा। लोक आस्था के इस महापर्व में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी होती है। इसको देखते हुए जब से बिहार के लोगों ने हमें काम करने का मौका दिया है, तब से हमलोग घाटों की सफाई, नये घाटों का निर्माण, आने–जाने के रास्तों का निर्माण एवं श्रद्धालुओं की हर प्रकार की सुविधा का ध्यान रखा जाता है। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु लगतार अनाउंसमेंट किया जाता है, वॉच टावर से लगातार स्थिति पर निगरानी रखी जाती है तथा जगह–जगह पर साइनेजेज भी लगाये जाते हैं। इन सारी चीजों पर शुरू से ही हमलोगों ने गाइडलाइन दिया है, उसके आधार पर लोग काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के बाद एक बार और हमलोग तैयारियों का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक मैं स्वयं सभी तैयारियों को देख नहीं लेता, तब तक हमें भीतर से संतोष नहीं होता है। उन्होंने कहा कि उन्हें संतोष है कि काम बेहतर तरीके से हो रहा है और ससमय इसे पूरा कर लिया जायेगा।

मुख्यमंत्री के निरीक्षण के क्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, ऊर्जा मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, नगर विकास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदय कांत मिश्रा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग श्री आनंद किशोर, सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना के प्रमण्डलीय आयुक्त श्री संजय अग्रवाल,

जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित पटना नगर निगम, बुडको एवं बिहार राज्य जल पर्षद के वरीय पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******